हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 2 दिसंबर 2025
देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | कायथा

04 श्रीमद भागवत के 15वें अध्याय का सामूहिक...


07 भेदभाव कम करना और पीड़ितों को समाज में...


### अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया

# गीता जयंती पर जिले में श्रीमद् भागवत गीता के 15वें अध्याय का 1100 सहपाठियों ने किया सामूहिक पाठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

गीता जयंती पर अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव आगर-मालवा में श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया। पुरानी कृषि उपज मंडी आगर में श्रीमद् भगवत गीता के 15वें अध्याय के 1100 सहपाठियों द्वारा सस्वर पाठ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना, माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर प्रीति यादव, जिला अध्यक्ष ओम मालवीय, सीईओ जिला पंचायत नंदा भलावे कुशरे, अपर कलेक्टर आरपी वर्मा, एसडीएम मिलिंद ढोके, डिप्टी कलेक्टर किरण बड़बड़े, एएसपी रविंद्र कुमार बोयत, एसडीओपी मोतीलाल कुशवाह, कथावाचक संत सुधांशु नागर, सुधीर नागर, महेश पुरोहित, शीला दीदी, प्रांतीय न्यास प्रमुख गोपाल बैराड़ी, भैरूसिंह चौहान, अशोक प्रजापत, दिनेश परमार, जगदीश गवली, सुरेश बैरागी, योगाचार्य हरीश श्रीवास्तव, ब्रह्माकुमारी दीदी, मुकेश पाटिल, घनश्याम गवली, पवन विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं पार्षदगण उपस्थित थे।

**भारत की संस्कृति गौरवशाली है: मालवीय:** कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष मालवीय ने कहा कि श्रीमदभागवत गीता में सम्पूर्ण जीवन का सार है। गीता जयंती हमारी प्राचीन संस्कृति और वैदिक ज्ञान का प्रतीक है। आज देशभर में गीता जयंती हर्षोल्लास से मनाई जा रही है। नई शिक्षा नीति अन्तर्गत गीता को पाठ्यक्रम में शामिल कर गीता अध्ययन को बढ़ावा देने का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि इससे बच्चों में संस्कार, शिष्टाचार और नैतिकता का विकास होगा। भारत की संस्कृति गौरवशाली है। हमें सच्चे राष्ट्रीय आदर्शों से प्रेरणा लेनी चाहिए और अपनी सांस्कृतिक धरोहर पर गर्व करना चाहिए। प्रांतीय न्यास प्रमुख बैराड़ी ने कहा कि कार्यक्रम की विशेषता पुरुषोत्तम योग का सामूहिक पाठ है।

उन्होंने गीता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि 18 अध्याय एवं 700 श्लोकों से सम्पन्न गीता मानव जीवन का संपूर्ण सार प्रस्तुत करती है। मोक्षदा एकादशी के संदर्भ में उन्होंने कहा कि आज ही के दिन गीता ज्ञान का उद्गम हुआ था। गीता के श्लोकों का मनन-चिंतन तनाव दूर कर व्यक्ति को सही मार्ग पर अग्रसर करता है। गीता में धर्म, कर्म, योग, मोक्ष, सृष्टि, आत्मा-परमात्मा और जीवन के सभी मूल सिद्धांत समाहित हैं। अपने संबोधन में सुधीर नागर ने अयोध्या में श्रीराम मंदिर निर्माण, वंदे मातरम के 150वें आयोजन तथा गीता जयंती को राष्ट्र की दिव्यता एवं सांस्कृतिक चेतना से जोड़कर बताया। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम युवाओं में सकारात्मक ऊर्जा, संस्कार और राष्ट्रीय भावना का संचार करते हैं। उन्होंने सभी से संस्कारित एवं मर्यादित जीवन पथ अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन शरद बंसिया द्वारा किया गया तथा आभार प्रदर्शन नगर पालिका सीएमओ द्वारा किया गया।




## गीता जयंती पर सांदीपनि विद्यालय में हुआ गीता के श्लोकों का पाठ

### 800 छात्राओं, शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं उपस्थित अतिथियों ने एक साथ किया सामूहिक पाठ




**नलखेड़ा।** स्थानीय सांदीपनि विद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव के अवसर पर श्रीमद्भागवत गीता के श्लोकों का सामूहिक पाठ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती एवं गीता जी के पूजन अर्चन एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई। विद्यालय की 800 छात्राओं शिक्षक शिक्षिकाओं एवं उपस्थित अतिथियों ने एक साथ गीता के 15वें अध्याय के 20 श्लोकों का सामूहिक पाठ आचार्य पंडित सतीश नागर एवं सुभाष त्रिवेदी के साथ सुस्वर किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता गिरिराज पुरोहित मुख्य अतिथि भाजपा जिला महामंत्री रामेश्वर तेजरा थे। अध्यक्षता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तहसील संघचालक गोविंद राठौर द्वारा की गई। विशेष अतिथि भाजपा नलखेड़ा मंडल अध्यक्ष रोहित सकलेचा धरोला मंडल अध्यक्ष भँवरसिंह चंद्रावत बड़ागांव मंडल अध्यक्ष दरबार सिंह जिला मंत्री पवन वेदिया जनपद उपाध्यक्ष ईश्वर सिंह यादव नगर परिषद नलखेड़ा उपाध्यक्ष प्रितेश फाफरिया नगर परिषद बड़ागांव उपाध्यक्ष लाड़सिंह राजपूत तहसीलदार प्रियंक श्रीवास्तव बीईओ दिनेश त्रिवेदी व अन्य जनप्रतिनिधि थे। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य मनोज चतुर्वेदी सहित शिक्षक शिक्षिकाएं भी उपस्थित थे।

### एनएसयूआई प्रदेश प्रभारी ने बैठक ली

## कांग्रेस का युवा फोकस, बूथ मजबूती और रणनीति पर मंथन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा



एनएसयूआई प्रदेश प्रभारी ठाकुर रवि दांगी नलखेड़ा पहुंचे, जहां उन्होंने मां बगलामुखी मंदिर पर दर्शन कर संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य फोकस युवा वर्ग को जोड़ना और जागरूक करना तथा पोलिंग बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करना था। इस अवसर पर कार्यकर्ता ने रवि दांगी का जन्मदिन भी मनाया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी संगठन को नए सिरे से मजबूत करने में जुटे हैं। इसी क्रम में उनकी बनाई टीम के तहत एनएसयूआई प्रदेश प्रभारी ठाकुर रवि दांगी नलखेड़ा पहुंचे।

बैठक का मुख्य फोकस युवा वर्ग को जोड़ना और जागरूक करना पोलिंग बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करना, कमियों को खुलकर सामने लाना ताकि आलाकमान तक वास्तविक स्थिति पहुँचें। चर्चा के दौरान दांगी ने कार्यकर्ताओं से कहा कि वे अपनी गलतियां और स्थानीय स्तर की कमियां व गलतियों को छुपाएं नहीं, बताएं तभी संगठन मजबूत होगा। कार्यकर्ता बेझिझक होकर गलतियां बताएं, जिससे संगठन बेहतर दिशा में आगे बढ़ सके।

इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं और समाजजनों ने रवि दांगी का जन्मदिन भी मनाया। उन्होंने माता बगलामुखी के दर्शन कर प्रदेशवासियों की खुशहाली और समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम के दौरान उनके द्वारा कई सामाजिक कार्यकर्ताओं से भी मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने कहाकि मध्यप्रदेश की राजनीति में कांग्रेस और भाजपा दो प्रमुख दल हैं। वर्ष 2003 से भाजपा सत्ता में काबिज है, वहीं लगातार बढ़ती महंगाई से प्रदेश की जनता परेशान है। महंगाई के खिलाफ कांग्रेस जनता को विकल्प और राहत का वादा कर रही है, जबकि भाजपा अपनी सत्ता बचाए रखने के लिए नए-नए प्रलोभन पेश कर रही है। ऐसे में वर्ष 2028 के विधानसभा चुनाव दोनों दलों के लिए एक बड़ी चुनौती साबित होने जा रहे हैं। इसी को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी संगठन को नए सिरे से मजबूत करने में जुटे हैं।

### 14 फरवरी को प्रकाशित होगी अंतिम मतदाता सूची

**सीहोर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम में संशोधन करते हुए सभी चरणों की समय-सीमा बढ़ा दी गई है। आयोग द्वारा जारी नवीन एसआईआर कार्यक्रम के अनुसार घर-घर गणना पत्रक एवं सत्यापन का कार्य अब 11 दिसंबर तक पूरा किया जाएगा। इसके बाद प्रारूप मतदाता सूची 16 दिसंबर 2025 को प्रकाशित की जाएगी, जिसके बाद 16 दिसंबर 2025 से 15 जनवरी 2026 तक दावे एवं आपत्तियाँ स्वीकार की जाएँगी। संशोधित कार्यक्रम अनुसार दावे और आपत्तियों पर सुनवाई, सत्यापन, प्रपत्रों की जांच तथा निर्णय प्रक्रिया निर्वाचन रजिस्ट्रेशन अधिकारियों (EROs) द्वारा 16 दिसंबर 2025 से 7 फरवरी 2026 तक निरंतर रूप से की जाएगी। संशोधित कार्यक्रम अनुसार जाँच और अंतिम प्रकाशन की अनुमति के लिए आयोग को भेजे जाने वाले प्रस्ताव की समय-सीमा 10 फरवरी निर्धारित की गई है।

## एड्स जागरुकता व गीता जयंती पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**नलखेड़ा।** स्थानीय सरदार वल्लभभाई पटेल शासकीय महाविद्यालय में सोमवार को विश्व एड्स जागरूकता दिवस एवं विश्व गीता जयंती पर कार्यशाला का आयोजन हुआ। कार्यशाला की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ जीएल रावल ने की। डॉ प्रेरणा पाठक डॉ सुखदेव बैरागी एवं अनिल प्रजापति ने गीता जी के महत्व पर प्रकाश डाला। महेंद्र प्रताप सिंह गुजराती एड्स जागरूकता पर आपना उद्बोधन दिया। कार्यशाला का संचालन डॉ जगदीश प्रसाद कुल्मी ने किया एवं आभार डॉ आशीष सांखला ने माना। इस अवसर पर डॉ सीमा तारे सुधा शर्मा डॉ गीतेश कुमार डावर डॉ गोपाल कुरील महेश कुमार गोयल डॉ सुधा चाकरे अलमीना कुरैशी सहित स्टाफ एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### सीहोर में रोजगार मेला 9 दिसंबर को

**सीहोर।** युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 9 दिसंबर 2025 को प्रातः 11 बजे सीहोर स्थित प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में रोजगार-स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेला आयोजित किया जाएगा। इस रोजगार मेले में रोजगार विभाग द्वारा स्थानीय, प्रदेश एवं अन्य राज्यों की कंपनियों को आमंत्रित कर युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान किए जाएंगे। इसी प्रकार जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा स्वरोजगार विभागों के स्वरोजगार प्राप्त हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा तथा नये प्रकरण तैयार किए जाएंगे। इसके साथ ही शासकीय आईटीआई द्वारा अप्रेंटिसशिप के लिए आवेदकों को चयनित किया जाएगा।

### कलेक्टर ने समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

# राजस्व प्रकरणों का निराकरण समय पर करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा



नामांतरण, बंटवारा और सीमांकन के अविवादित और विवादित प्रकरणों के निराकरण के लिए निर्धारित समय-सीमा का हर हाल में पालन हो, राजस्व न्यायालयों में लम्बित प्रकरणों की समीक्षा की जाकर, गति देकर निराकरण करें।

यह निर्देश कलेक्टर प्रीति यादव ने सोमवार को समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में राजस्व अधिकारियों को दिये। राजस्व विभाग की समीक्षा में प्रमुख राजस्व कार्यों में विभाग की स्थिति ठीक नहीं होने पर कलेक्टर ने नाराजगी जाहिर की, उन्होंने कहा कि राजस्व अधिकारी अपनी कार्यशैली में सुधार लाएं, सभी कार्यों को गंभीरता से लें। कलेक्टर ने राजस्व विभाग की सीएम हेल्पलाइन पर दर्ज शिकायतों को सर्वाच्च प्राथमिकता के साथ निराकरण करने के निर्देश दिए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत नंदा भलावे कुशरे, अपर कलेक्टर आरपी वर्मा, एसडीएम आगर मिलिंद ढ़ोके, डिप्टी कलेक्टर किरण बड़बडे, प्रेम नारायण परमार सहित सभी जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने बैठक में सीएम हेल्पलाईन पर विभिन्न विभागों की लंबित शिकायतों की बिंदुवार समीक्षा कर समय-सीमा में संतुष्टिपूर्ण निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी सीएम हेल्पलाइन शिकायतों को प्राथमिकता देते हुए गुणवत्तापूर्ण एवं संतोषजनक निराकरण सुनिश्चित करें तथा जिन विभागों की ग्रेडिंग डी है, वे अपनी कार्यप्रणाली में त्वरित सुधार लाएं। 50 दिवस से अधिक लंबित शिकायतों को प्राथमिकता से बंद करें, साथ ही प्रत्येक विभाग यह सुनिश्चित करे कि शिकायतों का समाधान नागरिकों की अपेक्षाओं के अनुरूप हो। भावांतर योजना, पीएम किसान, मुआवजा, एवं अन्य कृषि संबंधी शिकायतों का तत्काल निराकरण करें। कलेक्टर ने वन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, राजस्व विभाग की 50 दिवस वाली लंबित शिकायतें शीघ्रता से बंद करने, जल संसाधन विभाग को तीन दिवस के भीतर पानी से संबंधित सभी शिकायतों का समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता से जुड़ी प्रत्येक शिकायत महत्वपूर्ण है, विभाग सक्रिय रहकर समय-सीमा का कड़ाई से पालन करें। कलेक्टर ने निर्देश दिए जिन विभागों की जनआकांक्षा पोर्टल पर टीएल मार्क हो रही हैं, वे तत्काल पोर्टल पर रिप्लाई डालकर निराकरण सुनिश्चित करें। हीट एण्ड रन प्रकरणों की समीक्षा कर संबंधित विभागों को समन्वय के साथ प्रकरणों का निराकरण करने के निर्देश दिए।

हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 297. खुशी नायक पिता\पति संदीप नायक पता - रावन भाटा रायपुर, 298. भारत लाल चतुर्वेदी पिता\पति स्व. ताराचंद चतुर्वेदी पता- रावतपुरा कॉलोनी फेज 01 मठपुरेना रायपुर, 299. भावना वर्मा पिता\पति खोमन वर्मा पता- जागृति नगर बीरगांव, 300. प्रियंका ठाकरे पिता\पति सचिन ठाकरे पता- संजय नगर रायपुर, 301. श्रीकांत वैष्णव पिता\पति संतोष कुमार वैष्णव पता- डिरापारा रायपुर, 302. इन्द्राणी रमेश शर्मा पिता\पति ब्यास नारायण मिश्रा पता - ब्राम्हण पारा रायपुर, 303. भाविका साहू पिता\पति गौतम साहू पता - वेदाता सिटी कांदुल रोड, 304. लक्ष्मीकान्त यादव पिता\पति जे.एल. यादव पता - मठपारा रायपुर, 305. संतोषी यादव पिता\पति सतीश यादव पता- पुरानी बस्ती रायपुर, 306. प्रेमचंद साहू पिता\पति टेटकू राम साहू पता – पिपरौद, 307. खुमेश साहु पिता\पति प्रेम लाल साहु पता- तर्रा पोस्ट -सुरसाबाँधा, 308. चुन्नी निर्मलकर पिता\पति पुनीतराम निर्मलकर पता-सेमरा भखारा, 309. तोवा राम साहू पिता\पति स्व. पंचराम साहू पता- नगरी, 310.कुनाल साहू पिता\पति डोमेन्द्र साहू पता- सांकरा , नगरी, 311. अमन कन्नौजे पिता\पति एस.आर. कन्नौजे पता- वार्ड न. 43 बसंतपुर राजनादगांव, 312. रेणुका श्रीवास्तव पिता\पति एस .एल श्रीवास्तव पता- रेवाडीह वार्ड न. 21, 313. प्रज्वल पाटिल पिता\पति जसवंत पाटिल पता- वार्ड न.-16, बैलापसरा राजनादगांव, 314. यशवंत कुमार सप्रे पिता\पति ईतवारी राम सप्रे पता- बेमेतरा, 315. टीकाराम सेन पिता\पति सुकदेव राम सेन पता- बरदेभाठा चौक कांकेर, 316. दुलेश्वरी पिता\पति मुकेश कुमार पता- डौंडी नगर भंडारी पारा वार्ड न. 08, 317. सुमन ठाकुर पिता\पति शैलेन्द्र ठाकुर पता- जगदलपुर, 318. खोमराज पटेल पिता\पति भवर लाल पटेल पता- नर्रा, 319. महेश आमदे पिता\पति भुलऊराम आमदे पता- कवर्धा, 320. तेजनाथ साहू पिता\पति राधेश्याम साहू पता- कमल कॉलोनी बलौदाबाजार, 321. सुयश आचार्य पिता\पति प्रशांत आचार्य पता- अस्पताल वार्ड कोंडागांव, 322. पंकज कुमार साहू पिता\पति छत्रपाल साहू पता-पोटियाकला दुर्ग, 323. बलदाऊ लाल साहू पिता\पति स्व. राम्लू लाल साहू पता- आदर्श स्ट्रीट रामनगर भिलाई, 324. डिम्पल चौधरी पिता\पति नन्द जंघेल पता-दुर्गा पारा मुकम खदान सुपेला, 325. जानवी टंडन पिता\पति M.L.टंडन पता-वेदांत नगर फेज-2 उमरपोटी, 326. अथर्व विकास बेहेरे पिता\पति विकास विनायक बेहेरे पता- सुभाष नगर, 327. ईशा राजपूत पिता\पति अशोक राजपूत पता-सुभाष नगर वार्ड 42 दुर्ग, 328. पंकज कुमार पटेल पिता\पति स्व. नन्द कुमार पटेल पता- पटेल पारा वार्ड क्र.57 उरला दुर्ग, 329. स्वीकृति चौहान पिता\पति बिरेन्द्र चौहान पता- साहू पारा रामनगर भिलाई, 330. गजरा सोनी पिता\पति ननकू प्रसाद सोनी पता-दुर्ग, 331. रितिका साहू पिता\पति ताम्रध्वज साहू पता- कोहिका भिलाई, **बिलासपुर संस्करण-** 332. अफरोज बानो, पिता/पति- मुनव्वर खान पता- आदर्श चौक मंगला, बिलासपुर 333. राजकुमारी साहू पिता/पति- बाबू लाल साहू पता- बहतराई, बिलासपुर, 334. सुलोचना कुर्रे पिता/पति- राजाराम कुर्रे पता- बंधवा पारा सरकंडा, बिलासपुर, 335. कुसय हुसैन पिता/पति-मुश्ताक हुसैन पता- खपरगंज बिलासपुर, 336. आरती शर्मा पिता/पति- स्व.एम.एल.शर्मा पता- गुरूनानक चौक, बिलासपुर, 337. मनोज नाथानी पिता/पति- माधसव दास नाथानी पता- रामा वैली आर-8-11, बिलासपुर, 338. साक्षी साहू पिता/पति-चंद्रशेखर साहू पता- तोरवा बिलासपुर, 339. प्रियंका शर्मा पिता/पति- श्री पवन शर्मा पता- ईदगाह रोड, बिलासपुर, 340. राकेश सिंह राजपूत पिता/पति- विजय सिंह राजपूत, पता- सांई नगर, उस्लापुर बिलासपुर 341. मालती साहू पिता/पति-देवलाल साहू पता- बाजार चौक, यदुनंदन नगर, तिफरा बिलासपुर, 342. सतीश कुमार साहू पिता/पति- बुधराम साहू पता- तिफरा बिलासपुर, 343. अर्थव यादव पिता/पति-सुदर्शन यादव पता- कस्तूरबा नगर, बिलासपुर, 344. माही यादव पिता /पति - सूरज यादव, पता- पड़ावपारा कोटा, 345. सुशील कुमार पिता /पति - धनना लाल पता - जरौधा जिला बिलासपुर, 346.सुमन सूर्यवंशी पिता /पति - धनना लाल पता - जरौधा जिला बिलासपुर, 347. जानवी कौशिक पिता /पति - सनत कौशिक, पता - खमरिया काठाकोनी, 348. साधना भगत पिता /पति - गोपाल राम भगत , पता – रतनपुर, 349. नरेश गोयल पिता /पति - नैवत राम गोयल, पता -पेण्ड्रा रोड , 350. किरण पांडे पिता /पति - रवि शंकर पांडे पता - पुरानी बस्ती मस्तूरी, 351. हर्षिता कौशिक पिता /पति - उमाशंकर कौशिक पता - सिचाई कालोनी सकरी, 352. दीपक कुमार यादव पिता /पति - जीवन लाल यादव पता - कर्रा सीपत, 353. प्रियंका सूर्यवशी , पिता /पति - नारायण प्रसाद सूर्यवंशी, पता - भरारी जांजगीर जिला, 354 दिनेश कुमार यादव, पिता /पति - नर्मदा प्रसाद यादव, पता- शकुल पारा खरौद **भोपाल संस्करण-** 355. शिवन्या जाटव पिता\पति - स्व मोनू जाटवमकान न. 2597 राजीव नगरकोटरा, 356. हर्षिता तोमर पिता\पति - देवेन्द्र सिंह तोमर `नेहरू नगर भोपाल, 357. साबरा बी पिता\पति - मो. जोएब 126 इंद्रा नगर टीला जमालपुरा, 358. जाकिया आमिर पिता\पति - मो. आमिरबाग मुफ्ती साहबकबीटपुरा, 359. पवन यादव पिता\पति - मांगीलाल ग्राम नून्या हेड़ीराजगढ़, 360. मधु दांगी पिता\पति - सोमराज दांगीशर्मा कॉलोनी प्रताप वार्डबीना, 361. पूनम दांगी पिता\पति - नीरज सिंह दांगीसागौनीगुरू सागर, 362. फैजान खान पिता\पति - आतिफ खान सीहोर नाका सीहोर, **जबलपुर संस्करण-** 363. निधि अग्रवाल पिता\पति- रतन अग्रवाल लाल कुआं हनुमानतल जबलपुर, 364. भारती मिश्रा पिता\पति – स्व. राजकुमार दुबे रिछाई जबलपुर, 365. रजनी सुदीशा पिता\पति- उत्तम कुमार सुदिशा बिरसिंहपुर पाली उमरिया, 366. शरद विश्वकर्मा पिता\पति - हरलाल विश्वकर्मा छपारा सिवनी, 367. मनीष विश्वकर्मा पिता\पति - इंद्रजीत विश्वकर्मा प्रेम नगर इसाई मोहल्ला मदन महल, 368. नरेश नाईक पिता\पति - स्वर्गीय पंढरीनाथ नाईक शिवनगर गढ़ा जबलपुर, 369. राजेंद्र अहिरवार पिता\पति - नारायण प्रसाद अहिरवार मकान नंबर 113 छिंवला ग्वारीघाट जबलपुर, 370. श्रुति शुक्ला पिता\पति - सुधीर कुमार शुक्ला मकान नंबर 361 दुर्गा कॉलोनी शीतला माई वार्ड घमापुर जबलपुर।

नियम एवं शर्तें लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

**खबर संक्षेप**

### सड़क हादसे में 40 वर्षीय पशु चिकित्सक की मौत

**देवास।** सडक़ हादसे में 40 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। वह अपने ससुराल शादी समारोह में शामिल होने जा रहा था। यह घटना बुदासा के समीप हुई, जब दिलीप यादव अपनी बाइक से भौंरासा की ओर जा रहे थे। सामने से आ रही एक अन्य बाइक से उनकी भिड़ंत हो गई। हादसे में दिलीप गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें एम्बुलेंस से टोंकखुर्द ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद रविवार रात करीब 8.30 बजे देवास जिला अस्पताल लाया गया। डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान नांदेल निवासी दिलीप पिता मन्नालाल यादव (40) के रूप में हुई है। वह एक निजी पशु चिकित्सक थे और उनका एक बेटा है।सोमवार को जिला अस्पताल में मृतक का पोस्टमार्टम किया गया, जिसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### सड़क पर अचानक नीलगाय आने से हादसा

**देवास।** जिले के चुरलाई फाटे पर रविवार शाम सडक़ पर अचानक नीलगाय आने से एक दर्दनाक हादसा हो गया। बाइक के नीलगाय से टकराने के कारण खेड़ा खजुरिया निवासी गोपाल उपाध्याय की मौत हो गई। हादसे के वक्त बाइक पर उनकी पत्नी और 3 साल का पोता भी सवार थे, गनीमत रही कि उन्हें कोई गंभीर चोट नहीं आई। घायल गोपाल को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।मृतक गोपाल उपाध्याय पंडिताई का कार्य करते थे। घटना के दिन वे अपने परिवार के साथ मान में आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। वहां से कार्यक्रम समाप्त कर वे वापस अपने घर बराई लौट रहे थे। दुर्घटना के समय उनके साथ उनकी पत्नी मधुबाला उपाध्याय और तीन वर्षीय पोता पार्थ उपाध्याय भी बाइक पर थे। रिश्तेदार ने बताया कि घर लौटते समय चुरलाई फाटे पर वाहन के सामने अचानक नीलगाय आ गई। बाइक सीधे नीलगाय से टकरा गई और यह हादसा हो गया। टक्कर जोरदार थी, लेकिन उनकी पत्नी और पोते को कोई गंभीर चोट नहीं आई। हादसे के बाद घायल गोपाल उपाध्याय को तत्काल उपचार के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया, लेकिन वहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

गीता जयंती महोत्सव का जिला स्तरीय कार्यक्रम उत्कृष्ट विद्यालय देवास में आयोजित हुआ

# श्रीमद भागवत के 15वें अध्याय का सामूहिक स्वर पाठ गायन और अनुगायन के साथ की सारगर्भित व्याख्या





### विश्व गीता प्रतिष्ठानम द्वारा प्रदत्त पुरूषोत्तम योग श्रीमद भागवत के 15वें अध्याय की 200 प्रतियों को किया वितरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर प्रदेश में एक दिसम्बर सोमवार को गीता जयंती महोत्सव मनाया गया। जिले में गीता जयंती महोत्सव भव्य एवं दिव्य तरीके से मनाया गया। मध्यप्रदेश शासन और विश्व गीता प्रतिष्ठानम का संयुक्त आयोजन गीता जयंती महोत्सव का जिला स्तरीय कार्यक्रम उत्कृष्ट विद्यालय देवास में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में आध्यात्मिक गुरु इंदरसिंह नागर, जिलाध्यक्ष रायसिंह सेंधव, महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, राजेश यादव, अपर कलेक्टर शोभाराम सोलंकी, नगर निगम उपायुक्त आरती खेडेकर और जिला शिक्षा अधिकारी हरिसिंह भारती सहित अन्य संबंधित उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती एवं गीता के पूजन तथा दीप प्रज्ज्वलन से हुई। कार्यक्रम में शंखनाद कर स्वस्ति वाचन गगन तिवारी ने किया, प्रेरणा गीत सरस्वती वंदना का गायन डॉ. मनीषा सोनी एवं गुरूवंदना का गायन जितेंद्र त्रिवेदी ने किया। श्रीमद भागवत के 15वें अध्याय का सामूहिक स्व स्वर पाठ गायन डॉ. मनीषा सोनी तथा अनुगायन गगन तिवारी ने सभी से करवाया, जिसकी संक्षिप्त सारगर्भित व्याख्या कृष्णकांत शर्मा ने प्रस्तुत की। नागर ने अपने उद्बोधन में कहा कि निस्वार्थ भाव से और दूसरों के हित में सद्कर्म ही सच्ची आध्यात्मिक साधना है। पूर्णावतार श्रीकृष्ण भारतवर्ष के मनोबल के ध्रुवमान है। भारतीय चित्त, प्रज्ञा और मानस उनसे ही प्रेरणा और गति पाता है। सभी कलाएं और विद्याएं श्रीकृष्ण से निःसृत हैं, श्रीकृष्ण के जीवन आदर्शों एवं वचनों को अपने दैनिक कार्य व्यहवार में लाये, क्योंकि जहां श्रीकृष्ण है, वहीं श्री है, वहीं समृद्धि है, वहीं विजय है, वहीं विभूति है और वहीं अचल नीति है। श्रीमद भागवत की अमरवाणी इसी परम सत्य से साक्षात्कार कराती हैं। कार्यक्रम में बीईओ प्रमिला डावर, स्त्रोत समन्वयक किशोर वर्मा, प्राचार्य सांदीपनि विद्यालय देवेन्द्र बंसल, महेन्द्र स्थापक, शिवानंद प्रजापति, प्राचार्य उत्कृष्ट विद्यालय सुधीर सोमानी, डॉ रमेशचंद सोनी, अनिल नागर, सुभाष व्यास, नरेंद्र जोशी, गीताजंली व्यास, प्रीति भारती सहित विश्व गीता प्रतिष्ठानम के नरेंद्र शर्मा, सुश्री डॉ मनीष सोनी, उमेश जोशी, रोहित सिंह गुर्जर, रमेशचंद्र जोशी, निरंजन सिंह ठाकुर, अरुण कुमार शेव्य, शिवनारायण आर्य, घनश्याम जोशी, रोहित सोनी, के.के. जोशी, शांताराम पाटिल, विभिन्न विद्यालयों के छात्र/छात्राएं, गीतनुरागी गणमान्य नागरिकगण उपस्थित थे। संचालन ज्योतिषाचार्य जितेन्द्र त्रिवेदी व कृतज्ञता ज्ञापन एडवोकेट रोहित सिंह गुर्जर ने व्यक्त किया।

### शासकीय कॉलेज में गीता जयंती पर हुआ गीताजी के 15वें अध्याय का पाठ

विश्व गीता जयंती के अवसर पर प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस श्री कृष्णाजीराव पवार शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय देवास में गीता महोत्सव का आयोजन रखा गया। कार्यक्रम की शुरूआत में श्रीमद भागवत गीता ग्रंथ की पूजा अर्चना की गई। कार्यक्रम में गीता के 15वें अध्याय का सामूहिक अनुपठन किया गया। 15 वें अध्याय की संक्षिप्त व्याख्या करते हुए डॉ. रेखा कौशल ने कहा कि अनासक्ति से आध्यात्मिक सत्य की ओर ले जाने वाले इस अध्याय में भगवान ने सम्पूर्ण ब्रह्मांड की संरचना को उद्घाटित किया गया है। साथ ही मनुष्य के जन्म के बाद पुर्नजन्म और विभिन्न योनियों, अवस्थाओं, को समझाते हुए भक्ति भाव से परमात्मा से जुडकर नश्वर संसार से मुक्त होकर मोक्ष प्राप्त करने का ज्ञान प्रदान किया है। मनीष पारिक ने कहा कि गीता ग्रंथ हमें जीवन जीने की शैली ओर अनुशासन सिखाता है। निष्काम कर्म की प्रेरणा देता है।प्राचार्य डॉ. एस.पी.एस. राणा ने कहा कि गीता एक संस्कार हैं। उन्होंने अच्छे और बुरे कर्मों पर प्रकाश डालते हुए आपने कहा कि आत्मग्लानि का भाव, भावी जीवन को संवारता है और अपने कर्तव्यों को कर्म निष्ठा से करने की प्रेरणा देता है। इस अवसर पर विश्व गीता प्रतिष्ठानम के जितेन्द्र त्रिवेदी द्वारा प्रदत्त पुरूषोत्तम योग श्रीमद भागवत के 15वें अध्याय की 200 प्रतियों को महाविद्यालय स्टाफ एवं विद्यार्थियों में वितरित किया गया। गीता जयंती आयोजन के संदर्भ में डॉ. ममता झाला ने कहा कि मोक्षदा एकादशी को मनाई जाने वाली गीता जयंती महाभारत युद्ध के कोलाहाल में श्रीकृष्ण द्वारा अर्जुन को धर्म कर्म के ज्ञान हेतु दिये गये उपदेश है जो आज भी विभिन्न समस्याओं के कोलाहा भरे दोर में उतनी ही प्रासंगिग है। गीता ग्रंथ मानव की हर समस्या का निदान बताता हैं। आचार्य उमेश कुमार पाण्डे प्रेरणागीत का गायनानुगायन किया गया। इस अवसर पर इस अवसर पर डॉ. बी.एस. जाधव, डॉ. दीप्ति ढवले, डॉ. आर. के. मराठा, डॉ. मधुकर ठोमरे, डॉ. रश्मि ठाकुर, डॉ. जरीना लोहावाला, डॉ. भारती कियावत, डॉ. विवेक अवस्थी, नीरज जैन, डॉ. मनोज मालवीय, डॉ. सत्यम सोनी, डॉ. संजय गाडगे, डॉ. राकेश कोटिया, डॉ. लता धुपकरिया, डॉ. शशि सोलंकी, डॉ. संजय सिंह बरोनिया, डॉ. प्रीति मालवीय, डॉ. संदीप नागर, डॉ. ललिता गौरे, डॉ. रजत राठौर, डॉ. हेमन्त मण्डलोई, डॉ. कैलाश यादव, डॉ. सीमा परमार, डॉ. अरूण कुशवंशी, डॉ. शकील खान, डॉ. सचिन दास आदि उपस्थित थे।

## खाद टोकन नहीं मिलने पर किया चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



यूरिया खाद के टोकन न मिलने से नाराज किसानों ने उपज मंडी के सामने सडक़ पर विरोध प्रदर्शन किया। अभ्येश्वर सोसाइटी में टोकन वितरण न होने से नाराज किसानों ने चक्काजाम किया। सूचना मिलने पर बीएनपी पुलिस, तहसीलदार और कृषि अधिकारी मौके पर पहुंचे।

उन्होंने किसानों से बातचीत कर उन्हें समझाया, जिसके बाद किसान सडक़ से हटे। अधिकारियों के कहने पर किसानों को 1 से 6 दिसंबर तक के लिए टोकन वितरित किए गए। किसान नेता राजेंद्र सिंह बैस ने बताया कि उन्होंने पहले भी प्रशासन से सभी किसानों को एक साथ टोकन देने का निवेदन किया था, लेकिन ऐसा नहीं किया गया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि प्रत्येक किसान को केवल दो-दो बोरी खाद दी जा रही है और पुलिस उन्हें अंदर करने की धमकी दे रही है। बार-बार खाद केंद्र के चक्कर लगाने से किसानों को काफी नुकसान हो रहा है। सुबह जल्दी आने के बाद भी किसानों को समय पर टोकन नहीं मिल रहे। कृषि अधिकारी गोपेश पाठक ने इस मामले पर कहा कि अभी तक लगभग 4 हजार मीट्रिक टन खाद किसानों को वितरित किया जा चुका है और खाद की कोई समस्या नहीं है। उन्होंने भीड़ का कारण बताते हुए कहा कि एक किसान तीन अलग-अलग जगहों से टोकन लेता है।पाठक ने आश्वासन दिया कि अगले दो से तीन दिनों में दो से तीन रैक मिलने की उम्मीद है, जिससे अगले सप्ताह तक खाद की कोई समस्या नहीं आएगी। उन्होंने बताया कि जिले में करीब 3 हजार मीट्रिक टन खाद का स्टॉक है। इस वर्ष पिछले साल की तुलना में किसानों को अब तक 90 हजार अधिक बोरी खाद वितरित की जा चुकी है। आज खाद के टोकन का वितरण हुआ है और सभी किसानों को 6 तारीख तक खाद का वितरण हो

## संगोष्ठी: नो मोर पाकिस्तान का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




राष्ट्रीय सुरक्षा जागरण मंच देवास चैप्टर द्वारा सोमवार को मल्हार स्मृति मंदिर, देवास में राष्ट्रीय सुरक्षा विषयक महत्वपूर्ण संगोष्ठी "नो मोर पाकिस्तान" का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मंच द्वारा देशभर में चलाए जा रहे सामाजिक आंदोलन के अंतर्गत 21 राज्यों में आयोजित व्याख्यान श्रृंखला का एक प्रमुख हिस्सा है।संगोष्ठी के मुख्य वक्ता गोलोक बिहारी राय, सदस्य राष्ट्रीय संचालन समिति, विक्रमादित्य सिंह, राष्ट्रीय संगठन महासचिव रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवानिवृत्त अधिकारी रवींद्रनाथ भारद्वाज ने की। कार्यक्रम का संचालन जयवर्द्धन जोशी द्वारा किया गया।मुख्य वक्ताओं ने राष्ट्रीय सुरक्षा, सीमाई चुनौतियों, आतंकवाद, वैचारिक हमलों तथा पाकिस्तान द्वारा संचालित आतंकी गतिविधियों पर विस्तृत विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि भारत की सुरक्षा, सैन्य सशक्तिकरण, सामरिक नीतियाँ और राष्ट्रीय एकता ही देश की रक्षा का आधार हैं।वक्ताओं ने यह भी स्पष्ट किया कि पाकिस्तान की आतंकी नीति, प्रॉक्सी वॉर और वैचारिक दुष्प्रचार अब भारत के लिए पूरी तरह अस्वीकार्य है। राष्ट्रहित सर्वोपरि रखते हुए भारत को अपने सामरिक और वैचारिक संकल्प को और अधिक मजबूत करना होगा।संगोष्ठी में देवास सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में बुद्धिजीवियों, समाजसेवियों, युवाओं, शिक्षाविदों और सामाजिक संगठनों ने भाग लिया। सभी प्रतिभागियों ने राष्ट्रीय सुरक्षा को लेकर जनजागरण की आवश्यकता पर सहमति जताई।

## एमजी रोड चौड़ीकरण: सभापति ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



एमजी रोड चौड़ीकरण कार्य अब तेजी से आगे बढ़ रहा है। नगर निगम द्वारा बाधक निर्माण हटाए जाने के बाद, सोमवार को सभापति रवि जैन ने महात्मा गांधी मार्ग का दौरा कर कार्य प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने व्यवसाइयों और रहवासियों की समस्याएं सुनीं और तत्काल समाधान के निर्देश दिए।सभापति रवि जैन ने जनता बैंक चौराहा-सुभाष चौक, महेश टॉकीज-नावेल्टी चौराहा तथा नावेल्टी-तहसील चौराहा और सयाजी द्वार तक के मार्ग का निरीक्षण किया। उन्होंने दोनों ओर के व्यापारियों और रहवासियों से विस्तार से चर्चा कर चौड़ीकरण से जुड़ी उनकी शंकाएं दूर कीं।

नगर निगम द्वारा बाधित निर्माण तोड़े जाने के बाद मार्ग से मलबा हटाया गया है। सभापति ने व्यापारियों से अपील की है, कि जिन्होंने बाद में अपने बाधक निर्माण हटाए हैं, वे शेष मलबा शीघ्र हटाएं, ताकि सड़क निर्माण का काम बिना देरी आगे बढ़ सके। कुछ व्यापारियों द्वारा सड़क निर्माण की मार्किंग को लेकर प्रश्न पूछे जाने पर सभापति ने मौके पर ही निगम इंजीनियरों से चर्चा कर उन्हें स्पष्ट जानकारी प्रदान की।शामलात रोड, तीन बत्ती चौराहा, पीठा रोड और आसपास की गलियों के लिए भी सभापति ने संदेश दिया कि सभी व्यापारी व रहवासी स्वेच्छा से अतिक्रमण हटाएं, ताकि यातायात सुविधा बेहतर हो सके।इस मौके पर निगम के प्रभारी कार्यपालन यंत्री सौरभ त्रिपाठी, सहायक यंत्री मुशाहीद हन्फी सहित लोक निर्माण विभाग की टीम उपस्थित रही।

संयुक्त राष्ट्र महिला द्वारा आयोजित शी लीड्स कार्यक्रम

## तीसरे संस्करण के लिए देवास जिले की 5 महिला सरपंचों का किया गया चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



जिले की पांच महिला सरपंचों निर्मला पाटीदार सरपंच छतरपुरा, मोनिका सेंधव सरपंच ओंकारा, सोनाली वट्टी सरपंच जागठा, शकुंतला पंवार सरपंच निपानिया, रोशनी मुजाल्दे सरपंच पाण्डुतालब का चयन संयुक्त राष्ट्र महिला (भारत) द्वारा महिला राजनीतिक नेतृत्व एवं विकसित राष्ट्र निर्माण के लिए आयोजितशी लीड्स कार्यक्रम के तीसरे संस्करण में हुआ है। राष्ट्रीय स्तर पर चयन होने पर कलेक्टर ऋतुराज सिंह एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ज्योति शर्मा ने पांच महिला सरपंचों सम्मानित कर प्रशंसा पत्र एवं शुभकामनाए दी। कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने महिला सरपंचों की इस उपलब्धि को ग्रामीण महिला सशक्तिकरण एवं नेतृत्व विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया है। यह उपलब्धि देवास जि के लिए गौरव की बात है तथा पंचायती राज व्यवस्था में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी को दर्शाती है। संयुक्त राष्ट्र महिला (भारत) द्वारा महिला राजनीतिक नेतृत्व एवं विकसित राष्ट्र निर्माण के लिए आयोजित ₹शी लीड्स ₹ कार्यक्रम के तीसरे संस्करण में चयनित महिला सरपंचों की कार्यशाला नई दिल्ली में 04 और 05 दिसम्बर को आयोजित होगी। इन महिला सरपंचों को विशेष प्रशिक्षण के लिए 04 एवं 05 दिसम्बर 2025 को नई दिल्ली में दो दिवसीय कार्यशाला में भाग लेने का अवसर प्राप्त हुआ है।

विश्व एड्स दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय सहित ब्लॉक स्तर पर हुए कार्यक्रम

# जागरूकता रैली, मानव श्रंखला, रंगोली प्रतियोगिता आयोजित






हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जिले में कलेक्टर ऋतुराज सिंह के मार्गदर्शन में 01 दिसंबर को विश्व एड्स दिवस पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया।

विश्व एड्स दिवस के अवसर पर 01 दिसंबर से 7 दिसंबर 2025 तक जिला मुख्यालय सहित ब्लॉक स्तर पर जन जागरूकता गतिविधियां एवं अनेक कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। विश्व एड्स के अवसर पर सोमवार को जिला चिकित्सालय द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई। जागरूकता रैली को जिला चिकित्सालय परिसर से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सरोजनी जेम्स बेक, न्यायाधीश/ सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण न्यायालय देवास रोहित श्रीवास्तव, व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड जिला न्यायालय देवास कुंवर युवराज सिंह एवं जिला एड्स नोडल अधिकारी एवं डॉ. अमरीन शेख ने जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली देवास शहर के मुख्य मार्गों से होकर सयाजी द्वारा से होते हुए सीएमएचओ कार्यालय पर संपन्न हुई। साथ ही सयाजी द्वारा पर मानव श्रंखला भी बनाई गई।

एचआईवी जागरूकता हेतु कन्या महाविद्यालय एवं नर्सिंग कालेज की छात्राओं द्वारा जिला चिकित्सालय परिसर में नुक्कड नाटक प्रस्तुत किया गया।इसी क्रम में जागरूकता कार्यक्रम अंतर्गत जिला चिकित्सालय सहित ट्रामा सेंटर पर शासकीय नर्सिंग कॉलेज देवास की छात्राओं द्वारा रंगोली एवं पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई। रंगोली एवं पोस्टर प्रतिभागियों को सीएमएचओ ने प्रथम, द्वितीय, तृतीय पुरूस्कार प्रदान किये।

इस अवसर पर जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ राजेन्द्र गुजराती, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संतोष कोतकर, नर्सिंग कॉलेज के समस्त फेकल्टी, डॉ. सुशील सोनगरा सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी/कर्मचारी अमलतास मेडिकल कॉलेज का स्टॉफ, विभिन्न कॉलेजों के छात्र-छात्रायें, अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## ग्राम भटोनी परमार में पं. नागर की भागवत कथा 9 दिसंबर से

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



टोंकखुर्द तहसील के ग्राम भटोनी परमार में आगामी 9 से 15 दिसंबर 2025 तक श्रीमद् भागवत ज्ञान गंगा यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। उक्त आयोजन में मालवा माटी के प्रसिद्ध संत पं. कमलकिशोर नागर के श्रीमुख से भागवत ज्ञान गंगा प्रवाहित होगी। आयोजन समिति के कृष्णपाल सिंह पंवार ने बताया कि उक्त आयोजन हमारे पिता स्व. औंकार सिंह पंवार व माता स्व. गीताकुंवर पंवार की स्मृति में होने जा रहा है। इस भव्य आयोजन के लिए ग्रामवासियों में उत्साह का माहौल है तथा सभी ग्रामवासी आयोजन की तैयारियों में जुटे है। तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। पंवार ने बताया कि कथा प्रतिदिन 12 से प्रारंभ होगी। आयोजन समिति कृष्णपाल सिंह पंवार एवं पंवार परिवार ने समस्त धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से आयोजन में शामिल होकर धर्मलाभ लेने की अपील की है।

## खबर संक्षेप

### दुष्कर्मी को धर दबोचा

**ललितपुर**। पुलिस ने मु.अ.सं.1377 धारा 64(1), 352, 308(5), 351(3) के तहत दर्ज एफआईआर में वांछित थाना बार के ग्राम बछराउली निवासी दीपेश उर्फ लकी परिहार पुत्र अवधेश को हिरासत में लिया है। दुष्कर्मी को पकडऩे वाली पुलिस टीम में निरीक्षक अरविन्द कुमार, कां.दीपेन्द्र कुमार शामिल रहे।

### दो शातिर बदमाशों को पूराकलां पुलिस ने दबोचा

**ललितपुर**। पूराकलां थानान्तर्गत ग्राम भैसनवारा कलां निवासी अनिल पुत्र प्रकाश यादव व ग्राम उगरपुर निवासी सोनू पुत्र सियाराम राजपूत को धर दबोचा है। दोनों बदमाशों का नाम पुलिस को मु.अ.सं. 217/2025 धारा 331(4), 305 बीएनएस की जांच के दौरान प्रकाश में आये थे। बदमाशों के पास से पुलिस ने हाफ पेटी 01, तोडिय़ा 01 जोड़ी व बिछिया 04 समस्त माल सफेद धातु बरामद किया है। शातिर बदमाशों को पकडऩे वाली पुलिस टीम में उ.नि.सत्यप्रकाश, हे.का. अमित निरंजन व का.भगवान सिंह शामिल रहे।

### बाइक की टक्कर लगने से हुई थी मौत, रिपोर्ट दर्ज

**ललितपुर**। सौजना थानान्तर्गत ग्राम मैनवार में रहने वाली वन्दना यादव पत्नी गुलाब ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 23 नवम्बर को 4.30 बजे उसका पति गुलाब यादव अपने खेत से फसल में पानी लगाकर घर वापस आ रहे थे। तभी रिश्तेदार मड़ावरा के ग्राम सीरोंन निवासी लखन पुत्र धर्मू यादव के साथ बाइक पर पीछे बैठा था। घर केपास पहुंचते ही सामने से आ रहे पथराई गांव के धनीराम पुत्र फिन्ना अहिरवार ने लापरवाही व तेजी से गाड़ी चलाते हुये पति की मोटर साइकिल संख्या यू.पी. 94 वी 0520 में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसके पति को गंभीर चोटें आ गयीं और रिश्तेदार लखन भी घायल हो गया। घायल अवस्था में दोनों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र महरौनी में भर्ती कराया गया, जहां हालत नाजुक होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया। जहां पहुंचने से पहले ही उसके पति की मृत्यु हो गयी। वहीं रिश्तेदार लखन यादव का उपचार झांसी अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### सामूहिक विवाह में दंपती से मारपीट


**ललितपुर**। बानपुर थाने के ग्राम मौगान निवासी सौरभ कुमार पुत्र स्व.कमल प्रसाद ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि 29 नवम्बर की रात करीब 10.30 बजे ललितपुर स्थित इलाइट चौराहा स्थित अमर पैलेस में सामूहिक विवाह में शामिल होने आया हुआ था, तभी उसकी पत्नी मनीष व एक पांच माह की पुत्री के साथ आयी। जब वह विवाह स्थल से आ रहा था, तभी अरून, गोलू पुत्रगण मुकेश, अनुराग व मनीष जाखलौन, मौगान निवासी राहुल ने उसे व उसकी पत्नी का रास्ता रोक लिया और बाहर जाने से रोका। जब उक्त लोगों का उन्होंने विरोध किया तो उक्त लोगों ने गालियां दीं और मारपीट करते हुये पत्नी से अभद्रता की। आरोप है कि उक्त लोगों ने उसके सिर पर किसी वस्तु से प्रहार किया, जिससे उसके हाथ व सिर में चोटें आयीं। यह भी आरोप है कि उक्त लोगों ने उसे जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है।

### एक ने की शिकायत तो दबंग ने दूसरे भाई को पीटा

**ललितपुर**। कोतवाली तालबेहट क्षेत्रांतर्गत ग्राम मुकटौरा में रहने वाले अजय पुत्र राजेन्द्र कौशिक ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 28 नवम्बर को शाम करीब साढ़े पांच बजे वह अपने घर जा रहा था। तभी रास्ते में गांव के प्रीतम यादव पुत्र श्रीराम के घर तक पहुंचा ही था, तभी चाली यादव पुत्र पहलवान सिंह अपने आधा दर्जन से अधिक साथियों के साथ गालियां देते हुये बोला कि उसके भाई अमित ने उसकी शिकायत की है, जिससे वह उसे नहीं छोड़ेगा। विरोध करने पर चाली यादव ने अपने साथियों के साथ एकराय होकर उसके साथ मारपीट कर दी। शोरगुल सुनकर प्रीतम यादव ने आकर उसे बचाया। आरोप है कि उक्त लोगों ने उसे जान से मारने की धमकी दी।

### विश्वगीता प्रतिष्ठानम उज्जयिनी के तत्वावधान में श्रीजगदीश मंदिर में गीता जयंती का आयोजन किया गया

# धैर्य व धर्म को जानने का माध्यम है गीता, आत्मकल्याण का मार्ग प्रशस्त करती: द्विवेदी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

विश्वगीता प्रतिष्ठानम उज्जयिनी के तत्वावधान में श्रीजगदीश मंदिर प्रांगण में गीता जयंती का आयोजन किया गया। दीप प्रज्ज्वलन के बाद कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ, जिसमें गीता महात्म्य पर विशेष व्याख्यान मानस मर्मज्ञ पं.बाबूलाल द्विवेदी ने दिया। उन्होंने कहा कि गीता धैर्य और धर्म दोनों को सिखाती है और आत्मकल्याण का मार्ग प्रशस्त करती है। जनमानस को इसका प्रतिदिन स्वाध्याय करना चाहिए, जिससे भारतीय संस्कारों का घरों और समाज में सकारात्मक प्रभाव पड़े। कार्यक्रम में पं.महेश मिश्रा, भगवत नारायण बाजपेयी, रमेश पाठक, जगदीश मंदिर ने अपने विचार प्रस्तुत किए। इस दौरान रामेश्वर प्रसाद चतुर्वेदी, हरीराम राजपूत, किशन लाल, प्रताप नारायण, कैलाश शर्मा, आत्माराम शर्मा ने गीत गाये। कार्यक्रम में कुंदनलाल सेन, कैलाश नारायण, राजकुमारी सोनी, अशोक मिश्रा, फूलबाई, रामविलास तिवारी, नारायण साहू, शिवानी राजवती, गोविंद सिंह तोमर, लखनलाल तिवारी, विद्याशंकर मिश्र, राधा, क्रांति, कमला आदि उपस्थित रहे। अंत में जिला संयोजक नीरज द्विवेदी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### विश्व एड्स दिवस पर जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

# भेदभाव कम करना और पीड़ितों को समाज में सम्मान दिलाना है: अहमद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

विश्व एड्स दिवस के अवसर पर राजकीय इंटर कालेज ललितपुर की अध्यापिका प्रियंका शिवहरे ने जागरुकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ इम्तियाज अहमद ने बताया कि हर साल की तरह इस वर्ष भी 1 दिसंबर को विश्व एड्स दिवस मनाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य एचआईवी/एड्स के प्रति जागरूकता बढ़ाना, भेदभाव कम करना और पीड़ितों को समाज में सम्मान दिलाना है। नोडल अधिकारी डॉ राम नरेश सोनी ने बताया कि सभी लोगों को एचआईवी जांच, उपचार और सलाह तक सरल, सुलभ और बिना भेदभाव के पहुंच मिले। एड्स के मरीजों के लिए सम्मानपूर्ण समाज की आवश्यकता है। एड्स महामारी की रुकावटों का मिलकर सामना करना, सामुदायिक भागीदारी और सहयोग आवश्यक है। 2030 तक एड्स को सार्वजनिक स्वास्थ्य खतरे के रूप में समाप्त करने का लक्ष्य है।

**एड्स के खिलाफ लड़ाई में जागरुकता और सामाजिक सहयोग जरूरी**

पब्लिक हेल्थ स्पेशलिस्ट डॉ सौरभ सक्सेना ने बताया कि इस साल 2025 का थीम है — रुकावटों पर काबू पाना, एड्स के जवाब में बदलाव लाना। यह थीम वर्तमान समय की सबसे बड़ी चुनौतियों पर केंद्रित है—जैसे कि समाज में भेदभाव तथा जानकारी का अभाव। इस थीम के जरिये संदेश दिया गया है कि एड्स के खिलाफ लड़ाई केवल बीमारी के इलाज तक सीमित नहीं है, बल्कि जरूरी है जागरूकता और सामाजिक सहयोग। सभी को एड्स रोकथाम, उचित उपचार और जागरूकता के प्रसार के लिए एकजुट होने की आवश्यकता है। आईये, इस वर्ष के थीम को अपनाते हुए एड्स के खिलाफ लड़ाई में अपनी जिम्मेदारी निभाएँ और भेदभाव-मुक्त, स्वस्थ समाज की स्थापना करें। ह्लभेदभाव नहीं करें, सहारा बनें — एड्स को हराएं। रैली के दौरान राजकीय इंटर कालेज के प्रधानाचार्य सुरेन्द्र कुमार, एवं अन्य स्टाफ, सोसाइटी फॉर प्रगति भारत एनजीओ से कार्यक्रम प्रबन्धक हरेन्द्र रिधारिया,एकाउन्टेन्ट विजय बहादुर सिंह पाल,काउन्सलर जशोदा देवी,आउटटीचरवर्कर राजुकंवर, अनिरुद्ध सिंह, गोविन्द कुशवाहा, गंगोत्री, पियर एजुकेटर अनिल, कीर्ति राजकुमारी रामेश्वरी, सीएससी ललितपुर सतीश सोनी तथा जिला क्षयरोग नियंत्रण केन्द्र एवं सीएमओ कार्यालय का स्टाफ आदि उपस्थित रहे।



### जिला पंचायत सदस्य ने दिया पत्र

# कई गांव में नहीं पहुंच पा रहा है टेल तक पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

रवि की फसल बुवाई का काम इन दिनों पूरे चरम पर है। सिंचाई के लिए पानी की उपलब्धता कराये जाने की मांग को लेकर लगातार किसानों द्वारा आवाज उठायी जा रही है। इस सम्बन्ध में पूराकलां क्षेत्र से जिला पंचायत सदस्य कृष्णा मानसिंह ने एक पत्र जिलाधिकारी को भेजा है। उन्होंने किसानों को सिंचाई के लिए एलआरसी नहर का पानी हाई-वे पार कराने एवं नियमित रूप से फुल वोल्टेज में विद्युत आपूर्ति कराये जाने की मांग उठायी है।

**आधा दर्जन गांव के खेतों तक नहीं पहुंच पा रहा पानी**

ज्ञापन में बताया कि विकास खण्ड तालबेहट के ग्राम तिंदरा, वनगुवांखुर्द, कड़ेसरा बांसी, कड़ेसराखुर्द, राधापुर, करेंगा, सुनौरी, बुदावनी, चन्द्रापुर, खाँदी आदि के किसानों को एल.आर.सी. नहर का सिंचाई हेतु पानी 15 दिन गुजरने के बाद ककडारी के पास हाईवपार नहीं हुआ है जिससे क्षेत्र के किसानों की फसल सूख रही है। जबकि 21 दिन के अन्दर समस्त किसानों को पानी आपूर्ति कराया जाना रोस्टर में है। साथ ही विद्युत विभाग उपखण्ड 66 केवीए तालबेहट 33 केवीए पूराकलां द्वारा नियमित रूप से फुल बोल्टेज में विद्युत आपूर्ति नहीं की जा रही है। जबकि क्षेत्र के किसानों द्वारा अस्थाई नलकूप संयोजन लिए जा रहे है। किसानों को पर्याप्त विद्युत न मिलने से किसानों की फसल सूख रही है। एक ओर जहां बरसात की फसल किसानों की पैदा नहीं हुई है वही दूसरी ओर नहरों से सिंचाई व विद्युत आपूर्ति के आभाव में रवि की शुरूवाती फसल में गुरवाना नहीं लग पा रहा है। जिससे फसल नष्ट होने की कगार पर है। उन्होंने जिला प्रशासन से किसान हित में अविलम्ब एल.आर.सी. नहर का पानी हाईवे पार कराते हुए तालबेहट क्षेत्र में विद्युत की पर्याप्त आपूर्ति कराने की मांग उठायी है।

### पुनरीक्षण अभियान, घर-घर पहुंचे अफसर

# मतदाताओं से किया संवाद एसआईआर का महत्व बताया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

जिलाधिकारी सत्य प्रकाश के निर्देशन में जनपद में निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान ने सोमवार दोपहर 2 बजे तक 70.52 प्रतिशत प्रगति हासिल कर ली है , अभियान को और गति देने के लिए सोमवार को जिले के आला अधिकारियों ने घर-घर जाकर मतदाताओं को एसआईआर फार्म भरकर बीएलओ के पास जमा कराने के लिए जागरुक किया। इस दौरान अपर जिलाधिकारी वि/रा अंकुर श्रीवास्तव व अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे राजेश कुमार श्रीवास्तव ने शहर के कई बूथों पर जाकरण बीएलओ के कार्यों की समीक्षा की और गली-गली भ्रमण कर मतदाताओं से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने पीए सिस्टम के माध्यम से मतदाताओं से संवाद किया, फार्म भरकर जमा करने की अपील की ओर फार्म भरने में आ रही कठिनाईयों का समाधान कराते हुए कुछ फार्म मौके पर भी भरवाए। उन्होंने घर-घर दस्तक देकर मतदाताओं से बात की, माता, बहने व बुजुर्गों को एसआईआर का महत्व समझाया और अपील की कि वे अपने साथ-साथ आस पड़ोस के मतदाताओं को भी जागरुक करें।

**पोलिंग बूथों पर एसआईआर कार्य की समीक्षा की**

अधिकारियों ने पोलिंग बूथों पर एसआईआर कार्य की समीक्षा करते हुए बीएलओ को निर्देश दिये कि मृत, शिफ्टेड व डुप्लीकेट मतदाताओं का चिन्हांकन कर उन्हें अलग कर लें, इससे आपका काम आसान हो जाएगा और प्रत्येक फार्म पर कारण लिखते हुए हस्ताक्षर कर जमा करवा दें और तहसील स्तर से उसका अपडेट भी लेते रहें। इसके साथ ही उन्होंने कम प्रगति वाले बूथों पर कार्मिकों की संख्या बढ़ाते हुए घर-घर जाकर फार्म भरवाने हेतु अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को निर्देशित किया। चौकाबाग स्थित बिस्टोरिया अकेडमी में बीएलओ के द्वारा बताया गया कि बूथ सं-413 पर 625 और बूथ सं-412 पर 575 फार्म वितरित किये गए हैं, जिनमें से कुछ फार्म अभी आने बाकी है। एम्ब्रोसिया कॉलोनी व आसपास के क्षेत्र की प्रगति 28 प्रतिशत रही, जिसका कारण डुप्लीकेशी बताया गया, मौके पर कॉलोनी के प्रत्येक घर पर दस्तक देकर अधिकारियों ने मतदाताओं से फीडबैक लिया और आज ही फार्म भरकर जमा करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने समाज के प्रबुद्धजनों से भी आह्वान किया कि वे अपने स्तर से भी मतदाताओं को जागरुक करें।

**1000 में से 466 फार्म जमा**

उप्रा विद्यालय चण्डीमाता मंदिर में 1000 में से 466 फार्म जमा बताए गए, नेशनल कॉन्वेट स्कूल में बूथ सं0-464 पर 1134 में से 960 फार्म भराये गए हैं, वहीं लिटिल फ्लॉवर स्कूल में 27 प्रतिशत प्रगति बतायी गई, जो सबसे कम है, इस पर अधिकारियों ने बीएलओ से कारण पूछते हुए अतिरिक्त कार्मिकों को तैनात किया और 3 दिवस में प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिये। नई बस्ती क्षेत्र में भ्रमण करते हुए कुछ मतदाताओं ने फार्म भरने में आ रही समस्याओं से अवगत कराया तो मौके पर ही उनका फार्म भरवाया गया, साथ ही मॉ शारदा इण्टर कॉलेज में निरीक्षण के दौरान बताया गया कि बूथ सं0-461 पर 1164 में से 520 फार्म जमा हैं और बूथ सं0-460 पर 1292 में से 700 फार्म जमा बताएं गए। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी भूपेन्द्र सिंह, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका दिनेश कुमार विश्वकर्मा, जिला पूर्ति अधिकारी उमेश चन्द्र मिश्र, कर निरीक्षक राजेन्द्र प्रसाद आदि उपस्थित रहे।

### उन्नत भारत अभियान नेमवि में एसआईआर जागरूकता कार्यशाला आयोजित

# चुनावी पारदर्शिता के लिए एसआईआर आवश्यक : प्राचार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

नेहरू महाविद्यालय में उन्नत भारत अभियान के तहत एसआईआर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में नेमवि प्राचार्य प्रो.ओमप्रकाश शास्त्री ने कहा कि जो विद्यार्थी मतदाता है एवं अपने परिवार एवं आस पड़ोस के मतदाताओं को एसआईआर फॉर्म भरने के लिए प्रेरित करें। जिन मतदाताओं ने अभी तक एसआईआर फॉर्म नहीं भरा है, वह अपने-अपने बूथ के बीएलओ से मिलकर एसआईआर फॉर्म को तत्काल भर दें ताकि मतदाता सूची से वंचित न रह पाए। कोई भी मतदाता जानकारी के अभाव में या लापरवाही के कारण एसआईआर फॉर्म भरने से वंचित न रह पाए। उन्नत भारत अभियान के कोऑर्डिनेटर एवं कार्यक्रम संयोजक डा.संजीव कुमार शर्मा ने कहा कि विद्यार्थी घर-घर जाकर आम जनमानस को को फॉर्म भरने के लिए जागरूक करें। मतदाताओं को सही तरीके से फॉर्म भरने के लिए मदद करे। उन्होंने कहा कि एसआईआर से मतदाता सूचियां में पारदर्शिता एवं सटीकता आएगी। जिससे चुनाव में होने वाली धांधली को रोका जा सकेगा और सही मतदाता का मतदाता सूची में समावेश सुनिश्चित होगा।




**एसआईआर फार्म भरवाने में विद्यार्थी भागीदारी करें**

*राष्ट्रीय सेवा योजना के वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डा.सुधाकर उपाध्याय ने कहा कि एसआईआर फार्म भरवाने में विद्यार्थी उत्साह पूर्वक अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें, जिससे कि लोकतंत्र को मजबूत किया जा सके। भारत अपने लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करने एवं निरंतर मूल्यों को विकसित करने में प्रयासरत रहा है। इस दौरान हिमांशु पटेरिया, सुहानी पटेल, आदया सोनी, शिवी मिश्रा, नैंसी विश्वकर्मा, मुस्कान, नैंसी, मोनिका, सोमिल, दिव्यांशी, काजल साहू, बेबी, उमा, सविता, सपना, बबली, प्रिंस, करिश्मा, निकिता, रूबी अहिरवार, काजल कुशवाहा, सजना कुशवाहा, दीपिका, कल्पना, मानसी पटेल, रामकुमार, रोशनी, दर्शिका साहू व आदित्य सोनी, मनीष बुनकर, धर्मेंद्र, सूर्यांश राजा, दिनेश, हरपाल, शिवम साहू, दीपक सिंह, राजेश कुशवाहा, रजनीश, साक्षी, निलेश कुमार, प्रिंस कुमार, अमानत, पवन, नैंसी व्यास, राजेश कुमार, पवन कुशवाहा सोनू आदि महाविद्यालय के सैकड़ो छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। संचालन डा.संजीव कुमार शर्मा ने व आभार डा.सुधाकर उपाध्याय ने व्यक्त किया।*

# आजाद परिंदा खंडोबरा ने कबड्डी टूर्नामेंट जीता

**महरौनी**। खिरिया सरकार कबड्डी क्लब के तत्वाधान में ग्राम खिरिया लटकंजू में भव्य कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया,जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दीपक तिवारी मंडल अध्यक्ष भारतीय जनता युवा मोर्चा महरौनी, राकेश त्रिपाठी सेवानिवृत लेखपाल,हरदेव सिंह बुंदेला सेवानिवृत सूबेदार मेजर,अर्जुन कुशवाहा दरोंना द्वारा सयुक्त रूप से फीताकाटकर शुभारंभ किया गया। कबड्डी टूर्नामेंट में क्षेत्रीय टीम जिसमें खिरिया सरकार खिरिया लटकंजू,बालाजी सरकार खिरिया लटकंजू,मिदरवाहा,आजाद परिंदा ललितपुर, खडोबरा,पाली, देवमाता जैसी दिग्गज टीमों ने प्रतिभाग कर खिलाडिय़ों ने अपने अपने कौशल दिखाए। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष दीपक तिवारी ने कहां कि जिस ओर जवानी चलती है उस ओर जमाना चलता है,व्यक्ति का खेल मानसिक एवं शारीरिक विकास होता है,राकेश त्रिपाठी सेवानिवृत लेखपाल ने बताया कि प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में खेल का महत्व है जिससे व्यक्ति अपने सम्पूर्ण शरीर का विकास करता है। हरदेव सिंह बुंदेला सेवानिवृत सूबेदार मेजर ने बताया कि खेल से ही व्यक्ति के अंदर नवीन ऊर्जा का संचार होता है। कार्यक्रम के समापनकर्ता राजीव निरंजन प्रधान प्रतिनिधि ने कहां कि समय समय पर इस आयोजनों से बच्चों में जागृति उत्पन्न होती है। अंत में विजई टीमों को मुख्य अतिथियों द्वारा धनराशि एवं शील्ड मेडल देकर पुरस्कृत किया गया। इस टूर्नामेंट को सफल बनाने में आयोजन समिति,अनिल कुशवाहा,शिवम मुंडेले,अर्जुन बाबा ने टूर्नामेंट को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। निर्णायक सलमान रजा ने मैच को कुशलतापूर्वक सही निर्णय देकर टूनामेंट में अहम योगदान दिया। कार्यक्रम का सफल संचालन सनत पुरोहित ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में समस्त ग्रामवासियों का विशेष सहयोग रहा। अनिल कुशवाहा, अर्जुन बाबा, शिवम मुंडेले ने आभार जताया।



# अखंड ब्राह्मण महासभा ने आईएएस संतोष वर्मा के विरुद्ध सौंपा ज्ञापन

**ललितपुर**। अखंड ब्राह्मण महासभा की जनपद ललितपुर इकाई ने जिला कार्यालय पहुंचकर एक कड़ा विरोध दर्ज कराया है। महासभा के पदाधिकारियों ने कअर संतोष वर्मा के ख़िलाफ़ पुलिस अधीक्षक महोदय ललितपुर को एक ज्ञापन सौंपा है, जिसमें उनके अमर्यादित और निंदनीय बयानज् के लिए तत्काल ऋकफ दर्ज करने, बर्खास्त करने और जेल भेजने की मांग की गई है 'ज्ञापन में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि आईएएस संतोष वर्मा द्वारा दिया गया बयान ब्राह्मण समाज की बेटियों के सम्मान को ठेस पहुँचाने वालाज् है। महासभा का कहना है कि ऐसे अमर्यादित बयान को किसी भी सभ्य समाज में स्वीकार नहीं किया जा सकता। यह केवल एक व्यक्ति का बयान नहीं, बल्कि हमारे गौरवशाली इतिहास और सामाजिक अस्मिता पर किया गया सीधा आघात है,महासभा ने अपने ज्ञापन में कहा। जिलाध्यक्ष सुरेंद्र तिवारी ने बयान की निंदा करते हुए कहा कि एक उच्च पद पर बैठे अधिकारी द्वारा इस तरह की भाषा का प्रयोग अत्यंत शर्मनाक है और यह पूरे समाज को अपमानित करता है। आईएएस संतोष वर्मा पर तत्काल एफआईआर दर्ज की जाए। उन्हें उनके पद से तुरंत बर्खास्त किया जाए। उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेजा जाए ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति इस तरह के अमर्यादित बयान देने का दुस्साहस न करे। महिला प्रकोष्ठ जिलाध्य रितु शर्मा, जिला अध्यक्षः सुरेंद्र तिवारी,नगर अध्यक्षः सौरभ कौशिक,हर्षिता तिवारी, मनुका गोस्वामी, संध्या गोस्वामी, प्रमोद कांकर, दीपक नायक, विजय नायक, नितिन चौबे, अमरनाथ तिवारी मौजूद रहे।

### यातायात माह नवंबर का समापन, एसपी ने चालकों को हेलमेट बांटे

# महीने भर स्कूलों, नुक्कड़ नाटकों से किया गया जागरुक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

एक माह से लगातार चले यातायात माह नवम्बर का सोमवार को विधिवत समापन हो गया। समापन अवसर पर एसपी मो.मुश्ताक ने दलबल के साथ कार्यालय के बाहर मुख्य मार्ग पर आने-जाने वाले वाहन चालकों को हेलमेट वितरण कर यातायात नियमों का पालन करने और सुरक्षित चलने का आह्वान किया। दो पहिया वाहन सवार महिलाओं, पुरुषों को हेलमेट बांटकर यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। एसपी ने मुख्य बिन्दुओं पर अमल करने का आह्वान किया, जिसमें दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट अवश्य लगायें, दो पहिया वाहन चलाते समय तीन सवारी बैठकर न चलें, बिना नंबर प्लेट के वाहन न चलायें, नशे की हालत में वाहन



नाचलायें, वाहन को ओवर स्पीड से न चलायें, सड़क पर सदैव अपनी बायीं दिशा में चलें, वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करें, चार पहिया वाहन (कार) चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करें, वाहनों में ब्लैक फिल्म का प्रयोग न करे, नाबालिग को वाहन न चलाने दें। समापन पर अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह, क्षेत्राधिकारी यातायात राजेश कुमार श्रीवास्तव, क्षेत्राधिकारी मड़ावरा कृष्ण कुमार मिश्रा, प्रभारी निरीक्षक अनुराग अवस्थी, यातायात प्रभारी आलोक कुमार तिवारी, टीएसआई अब्दुल नफीस, टीएसआई साकेब हाशिमी, पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

**महीने भर में हुई कार्रवाई का ब्योराः** नवम्बर में हुयीं कार्रवाई के दौरान दो पहिया वाहन चलाते समय हेल्मेट का उपयोग न करने पर 4420 चालान, बाइक पर तीन सवारी बैठाने पर 785 चालान, चार पहिया वाहन में सीट बेल्ट न लगाने पर 202 चालान, वाहन चलाते समय मोबाइल, हेन्ड हेल्ड डिवाइस का उपयोग करने पर 151 चालान, नो पार्किंग के 628 चालान, बीमा न होने पर 637 चालान, फिटनेस न होने पर 63 चालान, 886 वाहनों के चालान किये गये।

### आयोग ने पूर्व में 4 दिसंबर निर्धारित की थी एसआईआर पूर्णता की डेडलाइन

# एसआईआर की अंतिम तिथि बढ़ी अब 11 दिसंबर तक चलेगा कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

देश के 12 राज्यों में चल रहे मतदाता सूचियों के गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य को निपटाने की अंतिम तिथि निर्वाचन आयोग ने बढ़ा दी है। आयोग ने पूर्व में एसआईआर कार्य पूर्णता की डेडलादन 04 दिसंबर निर्धारित की थी जिसे सात दिवस और बढ़ाते हुए 11 दिसंबर कर दिया गया है। जिला निवार्चन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में 04 नवंबर से शुरू हुए मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण कार्य की तिथि 04 दिसंबर निर्धारित की गई थी। रविवार को आयोग ने संशोधित कार्यक्रम जारी करते हुए एसआईआर की तिथि में सात दिन की बढ़ोतरी की है। हालांकि, इसके बाद आगे तिथि बढ़ाए जाने की संभावना बिल्कुल नगण्य है।

दरअसल, राजगढ़ जिले समेत प्रदेश के अन्य जिलों में उक्त कार्य 4 दिसंबर तक पूरी तरह से निपटाना मुश्किल जैसा हो रहा था। ऐसे में एसआईआर की अंतिम तिथि को आगे बढ़ाया गया है। इसके साथ मतदाता सूचियों के ड्राफ्ट, दावा-आपत्ति, सुनवाई, अंतिम सूची जारी करने की तारीखें भी आगे बढ़ाई गई हैं।

#### नए संशोधन के तहत जानिए, कब क्या होगा

| गतिविधियां | पुरानी तारीख | नई तारीख |
|---|---|---|
| एसआईआर पूर्णता | 04 दिसंबर | 11 दिसंबर |
| ड्राफ्ट सूची | 09 दिसंबर | 16 दिसंबर |
| दावा-आपत्ति | 09 दिसंबर से 8 जनवरी | 16 दिसंबर से 15 जनवरी |
| सुनवाई व सत्यापन | 09 दिसंबर से 31 जनवरी | 15 दिसंबर से 07 फरवरी |
| फाइनल सूची जारी | 07 फरवरी | 14 फरवरी |

#### जिले में अब तक 92.50 प्रतिशत कार्य पूर्ण

जिले में मतदाता सूचियों के गहन पुनरीक्षण कार्य की प्रगति की बात करें तो कल रविवार शाम 4 बजे तक की स्थिति में लगभग 92.51 फीसदी मतदाताओं के गणना-पत्रकों का डिजिटाईजेशन कार्य पूर्ण किया जा चुका था। जिले में कुल 11 लाख 78 हजार 113 मतदाताओं में से 10 लाख 89 हजार 902 मतदाताओं के फार्म्स डिजिटाईज्ड किए जा चुके हैं। अब चूंकि, निवार्चन आयोग ने एसआईआर की पूर्व में निर्धारित डेडलाइन में 07 दिवस की बढ़ोतरी और कर दी है ऐसे में पूरी संभावना है कि निर्धारित दिनांक 11 दिसंबर तक जिले में एसआईआर का शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण हो सकता है।

#### लगभग 15 हजार मृतक आ चुके हैं सामने

मतदाता सूचियों के गहन पुनरीक्षण कार्य में अगर जिले की पांचों विधानसभाओं की बात करें तो अभी तक करीब 15 हजार ऐसे व्यक्तियों के नाम सामने आ चुके हैं जिनकी मृत्यु हो चुकी है परन्तु उनके नाम वोटर लिस्ट में जुड़े हुए थे। इसके साथ ही शिफ्टिड व अन्य फर्जी वोटरों वाला आंकड़ा अलग है। आगामी दिनों में निवार्चन विभाग द्वारा पूरी स्थिति स्पष्ट की जाएगी।

# अवैध रूप से संचालित दूध केंद्र का संकलन बंद



**सारंगपुर।** शनिवार को सारंगपुर शहर एवं पचोर क्षेत्र में खाद्य अधिकारी शिवराज पावक ने कार्रवाई की। जांच दल ने विभिन्न खाद्य दुकानों तथा दूध संकलन केन्द्रों का निरीक्षण कर नियमानुसार दस्तावेजों एवं स्वच्छता मानकों की पड़ताल की। कार्रवाई के दौरान पचोर में स्थित भगवती ट्रेडर्स से खारक किशमिश के नमूने जांच हेतु एकत्रित किए गए। नमूनों को विधिक विश्लेषण प्रयोगशाला भेजा गया है, जिसकी रिपोर्ट प्राप्त होने पर आगे की कार्यवाही की जाएगी। इसी क्रम में सारंगपुर के गोपालपुर स्थित काननखेड़ी दूध संकलन केंद्र पर निरीक्षण किया गया, जहां प्रतिदिन 1000 लीटर से अधिक दूध का संकलन पाया गया। मौके पर संकलन प्रभारी अंकित पटेल एवं राजेश सोंधिया द्वारा आवश्यक खाद्य एवं दुग्ध संकलन लाइसेंस प्रदर्शित नहीं किए जा सके। लाइसेंस विहीन रूप से संकलन होने पर कार्रवाई करते हुए अग्रिम आदेश तक दूध संकलन रोकने के निर्देश जारी किए गए। इसके साथ ही बाजार क्षेत्र में संचालित गोपाल दूध डेयरी से मिक्स मिल्क का नमूना, तथा रंगैरवाडी स्थित प्रेमचंद सागरमल किराना दुकान पर निरीक्षण कर खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता एवं दस्तावेजों की जांच की गई। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु जिले में निरीक्षण व नमूना लेने की कार्यवाही नियमित रूप से जारी रहेगी। सभी व्यवसाय संचालकों से नियमानुसार लाइसेंस, स्वच्छता मानक एवं लेबलिंग अनुपालन सुनिश्चित करने की अपील की गई है।

## कार्डियो पलमोनरी रिससिटेशन विषयों पर कार्यशाला आयोजित



**ब्यावरा।** इंदौर के प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर सिद्धांत जैन द्वारा ब्यावरा के एक निजी होटल में राजगढ़ जिले के सरकारी और प्राइवेट डॉक्टरों को कार्डियो पलमोनरी रिससिटेशन आदि विषयों पर कार्यशाला आयोजित की गई एवं प्रशिक्षित किया। जिसमें मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर शोभा पटेल एवं सिविल सर्जन डॉ रजनीश शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। चिकित्सकों में डॉ राजेंद्र कठेरिया डॉक्टर राकेश गुप्ता डॉक्टर साहू डॉ प्रियंका यादव डॉ कमल दांगी डॉ योगेश डांगी डॉ अमित कोहली डॉक्टर देवाशीष डॉक्टर शाक्य एवं अन्य चिकित्सक और अन्य गणमान्य नागरिक शामिल हुए। सीपीआर प्रशिक्षण प्रतिवर्ष पूरे मध्य प्रदेश में डॉक्टर के द्वारा शासन के निर्देशानुसार पुलिस विभाग के लिए भी आयोजित किया जाता है जिसका उद्देश्य हृदय गति रुकने पर अचानक से जटिल स्थिति निर्मित होती है तब मुंह से सांस देकर एवं हृदय की मसाज कर कैसे जान बचाए जा सके, इस बात का प्रशिक्षण होता है।

# महाविद्यालय के खिलाड़ियों ने प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

शासकीय महाविद्यालय के खिलाड़ियों ने प्राचार्य को ज्ञापन सौंपकर खेल मैदान को व्यवस्थित एवं खेल सामग्री संसाधन उपलब्ध कराने की मांग की। खिलाड़ियों ने बताया कि जिले का एक मात्र कॉलेज का खेल मैदान जिसमें बारह महीने खिलाड़ी खेल का अभ्यास एवं आर्मी, पुलिस की तैयारी करते हैं। साथ खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती हैं। कॉलेज द्वारा मैदान की अनदेखी के कारण मैदान उबड़-खाबड़ हो रहा है। कॉलेज में अध्ययनरत खिलाडियों को परेशानी उठाना पड रही है, लेकिन खेल मैदान सही नहीं होने व खेल सामग्री के अभाव में खिलाडी अपनी प्रतिभा का खुले मन से प्रदर्शन नहीं कर पाते हैं।

खिलाड़ियों ने बताया कि महाविद्यालय स्तर की चल रही खेल प्रतियोगिता शासकीय नेताजी सुभाष चंद्र बोस महाविद्यालय में आयोजित की गई। जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता में ब्यावरा महाविद्यालय की टीम को ना तो किट प्रदान की ना ही भत्ता दिया। ऐसा जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में भी हुआ, जो खिलाडियों दिया जाता है।

ब्यावरा महाविद्यालय द्वारा सभी खिलाड़ियों को किट शूज भत्ता दिए जाने थे जो नहीं दिए गए। महाविद्यालय के खेल मैदान को शीघ्र ही व्यवस्थित किया जाए, एथलीट और लॉन्ग जंप एवं हाई जंप ट्रैक तैयार करने, मैदान पर लाइट लगवाने एवं अन्य खेल सामग्रीय निरंतर खिलाड़ियों को उपलब्ध कराया जाए जिससे खिलाड़ी अपना अभ्यास निरंतर रख सके। इस अवसर पर महाविद्यालय के छात्र शक्ति दुर्गेश दांगी, हर्ष परमार, नैतिक, संजू, मनीषा दांगी, लक्ष्मी मेवाड, निकिता सोधिया, रमन दांगी, कुणाल चौहान, विकास चंद्रवंशी आदि उपस्थित रहे।

### लगातार सामने आ रहे एयर वाल्वों में छेड़छाड़ करने के मामले

# पेयजल चोरी कर सिंचाई में उसका उपयोग कर रहे ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

हर घर, नल से जल पहुंचाने की शासन की महती योजना को अज्ञात ग्रामीणजन ही पलीता लगा रहे हैं। मोहनपुरा सिंचाई की नहरों के वाल्वों के साथ अब जल जीवन मिशन की पाइप लाइनों के एयर वाल्वों में भी छेड़छाड़ कर पेयजल चुराते हुए उसका उपयोग सिंचाई के लिए किया जा रहा है।

रात्रि में की जा रही इस चोरी की सूचना के बाद जब विभाग की टीम मौके पर पहुंची तो पेयजल चोरी करने में लोग भाग खड़े हुए। जानकारी के अनुसार मोहनपुरा परियोजना के तहत ज्वालापुरा एमबीआर से जाने वाली 300 एमएम की पाइप लाइन का ऐयरवाल्व बोरकापानी गांव में हनुमान मंदिर के समीप लगा हुआ है। रात्रि के समय अज्ञात लोगों द्वारा पेयजल लाइन के इस एयर वाल्व में छेड़छाड़ कर उसमें पाइप लगाते हुए खेतों में सिंचाई का पानी पहुंचाया जाने की शिकायत जल निगम की टीम को मिली। टीम के मौके पर पहुंचने पर पेयजल चुराने वाले अज्ञात लोग मौके से भाग निकले।



#### खेतों में जाएगा पानी तो कैसे चलेंगे नल

उल्लेखनीय है कि मोहनपुरा परियोजना की पाइप लाइनों से छेड़छाड़ का यह कोई नया मामला नहीं है। इसके पूर्व भी वाल्वों, लाईनों में छेड़छाड़ करने की बातें सामने आ चुकी हैं। पेयजल का पानी सिंचाई में उपयोग करने से आसपास निर्मित पानी की टंकियां नहीं भरा पाती हैं और पेयजल सप्लाई बाधित होती है। विभाग एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि ऐसा करने वालों के खिलाफ धारा 151 के तहत कार्यवाही की जाएगी।

## बौद्धिक व खेलकूद प्रतियोगिताओं का पंचम चरण संपन्न हुआ



**पचोर।** स्थानीय शास्त्री स्मृति विद्या मंदिर हायर सेकंडरी स्कूल में वार्षिक बौद्धिक एवं खेलकूद प्रतियोगिताओं का पंचम चरण संपन्न हुआ। छात्र छात्राओं ने प्रतियोगिताओं में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। सीनियर, जूनियर, सब जूनियर ग्रुप की रस्साकशी, 100 मीटर दौड, नींबू दौड बैडमिंटन एवं प्रश्न मंच प्रतियोगिता संपन्न हुई। सीनियर ग्रुप की रस्सा कसी प्रतियोगिता में योगिता डाबी, नेहा नागर, रुक्मणी गुर्जर, भावना रुहेला, पूर्ति राजपूत, दीपिका किराड कशिश नागर, निशा जायसवाल, सुमन प्रजापति, लक्ष्मी रुहेला और जया पांडेय की टीम विजेता रही। इसी प्रकार छात्रा रामकन्या किराड रेणुका रेवारी, नीतू राजपूत, अश्विनी नागर, संजना मालवीय, संजना जायसवाल, कविता वर्मा, रिया जायसवाल, राधिका वैष्णव, प्रगति शर्मा और कंगना गुर्जर की टीम उपविजेता रही। रस्साकसी में बालकों की प्रतियोगिता में छात्र विशाल गुर्जर, गोविंद, गोवर्धन, मनीष, हरिओम, निलेश, अमन, अमन जयसवाल, अरुण कुंभकार व आयुष पांडे की टीम विजेता रही।

### अवैध रेत उत्खनन पर उठे सवाल, पुलिस प्रशासन अनजान

# रेत से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी, एक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़



रविवार सुबह करीब सात बजे ग्राम बरोडी स्थित पुलिया के समीप रेत से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से ड्राइवर की मौत हो गई। वाहन पार्वती नदी के समीप ग्राम सुंडी से रेत लेकर नरसिंहगढ़ की ओर जा रहा था। बताया जा रहा है कि अचानक ब्रेक फेल होने से ट्रॉली पुलिया पर से पलट गई और चालक मुकेश पिता देवचंद धनगर, उम्र 40 वर्ष, निवासी बलवटपुरा ट्रॉली के नीचे दब गया। जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंच ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकाला गया। शव को पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल भेजा गया। जहां पीएम उपरान्त शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। दुर्घटनाग्रस्त सोनालिका ट्रैक्टर-ट्रॉली अनवर पिता मुख्तार अंसारी, निवासी नरसिंहगढ़ की बताई जा रही है।

#### बांध क्षेत्र में प्रतिबंध के बावजूद जारी अवैध उत्खनन

जानकारी के अनुसार रेसई बांध परियोजना क्षेत्र में वर्ष 2017-18 से रेत उत्खनन पूर्णतरू प्रतिबंधित है। इसके बावजूद रात के समय पार्वती नदी किनारे ग्राम सुंडी में अवैध रेत उत्खनन लगातार हो रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि रविवार की घटना में जिस रेत से भरी ट्रॉली ने चालक की जान ली, वह भी इसी क्षेत्र से भरी जा रही थी। घटना स्थल देवगढ चौकी क्षेत्र में आता है, लेकिन पुलिस व खनिज विभाग इस अवैध गतिविधि से अनजान बने हुए हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि मिलीभगत से क्षेत्र में जमकर खनन चल रहा है। रात भर रेत की ट्रालियां दौड़ती है। लेकिन मामले में अभी तक कोई कार्यवाही देखने को नहीं मिली है।

## अभा विद्यार्थी परिषद का 71वां राष्ट्रीय अधिवेशन देहरादून में आयोजित



**ब्यावरा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का 71वां राष्ट्रीय अधिवेशन देहरादून में सम्पन्न हुआ। देशभर से आए हजारों छात्र प्रतिनिधियों, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में संपन्न इस आयोजन में कई महत्त्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए गए तथा संगठन के भावी कार्यों की रूपरेखा तय की गई। अधिवेशन का विशेष आकर्षण रहा राजगढ़ विभाग संयोजक अमन व्यास का राष्ट्रीय स्तर पर जिम्मेदारी के लिए चयन। परिषद की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में युवा नेतृत्व के रूप में उनका चयन न केवल राजगढ़ क्षेत्र के लिए गौरव का क्षण है, बल्कि आंदोलन और संगठनात्मक गतिविधियों के लिए भी महत्त्वपूर्ण माना जा रहा है। व्यास लंबे समय से विद्यार्थी परिषद की विभिन्न इकाइयों में महत्वपूर्ण दायित्व निभाते हुए सक्रिय रहे हैं। छात्र हित, शिक्षा सुधार एवं सामाजिक जागरूकता के मुद्दों पर उनके योगदान को देखते हुए राष्ट्रीय नेतृत्व ने उन्हें राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य की जिम्मेदारी सौंपी है। अधिवेशन में उपस्थित पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए उन्हें बधाई दी। अमन व्यास ने विश्वास दिलाया कि वे छात्र हितों को सर्वोपरि रखते हुए संगठन के कार्यों को और अधिक ऊर्जा तथा प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ाएंगे।

### 25 वर्षों तक कालीपीठ स्कूल में पदस्थ रहकर हुईं सेवानिवृत्त

# सेवानिवृत्त शिक्षिका के सम्मान में ग्रामीणों ने निकाला जुलूस



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

कई वर्षों तक कालीपीठ स्कूल में पदस्थ रहकर कल रिटायर्ड हुईं राजगढ़ निवासी शिक्षिका शीला शर्मा के सम्मान में स्कूल के विद्यार्थियों, ग्रामीणों व स्टाफजनों ने गांव में जुलूस निकालते हुए उन्हें भावभीनी विदाई दी। बैंड-बाजे के साथ निकाले गए जुलूस में स्कूल के विद्यार्थी सहित अन्य नाचते-गाते हुए शामिल हुए। आयोजित विदाई समारोह को संबोधित करते हुए श्रीमती शर्मा कुछ पलों के भावुक भी हो उठीं। इस दौरान स्कूल स्टाफ द्वारा उन्हें ढांढस बंधाते हुए कहा कि आपने अपने जीवनकाल में अनेकों बच्चों का भविष्य गढ़ा है। यह पल भावुकता के नहीं बल्कि खुशियां मनाने के हैं। आयोजित विदाई समारोह के दौरान श्रीमती शर्मा के परिजन भी उपस्तिथ रहे। विद्यालय एवं संकुल परिवार ने सेवाकाल के दौरान श्रीमती शर्मा के सहयोग, स्वच्छ छवि, पारदर्शी कार्यशैली पर अपने विचार व्यक्त किए।

#### शत-प्रतिशत परिणाम पर आयुक्त ने किया था सम्मानित

शिक्षा सत्र 2018-19 में हुई हाईस्कूल एवं हायरसेकन्ड्री की बोर्ड परीक्षाओं में शत-प्रतिशत परिणाम आने पर लोक शिक्षण आयुक्त द्वारा श्रीमती शीला शर्मा को सम्मान से भी नवाजा जा चुका है। विद्यालय परिवार, ग्रामीणों व अन्य ने श्रीमती शर्मा के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## सभी देवताओं के भी आराध्य निराकार ज्योति स्वरूप परमात्मा शिव हैं : ब्रह्माकुमारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

नगर के खारिया मोहल्ला के श्रीराम मंदिर में चल रहे सप्त दिवसीय शिव ज्ञानामृत कार्यक्रम के द्वितीय दिवस में प्रवचनकर्ता ब्रह्माकुमारी प्रीति दीदी ने परमात्मा शिव के सत्य ज्ञान को जिज्ञासुओं को स्पष्ट करते हुए कहा कि परमात्मा शिव को सभी स्वीकार करते हैं। क्योंकि वो अजन्मा, निराकार, स्वयंभू हैं। उनके कोई माता-पिता अथवा गुरु नही है। क्योंकि जगतपिता का कोई पिता हो ऐसा संभव नहीं है। सभी गुरुओं के भी सद्गुरु सद्गतिदाता परमात्मा शिव ही है।

सभी धर्मों ने उन प्रकाश स्वरूप निराकार परमात्मा को स्वीकार किया है। वे सर्वोच्च, सर्वोपरि, सर्वज्ञ और सर्व गुणों में अनन्त हैं।

### दिवगंत बब्बल सक्सेना की स्मृति में नेत्र शिविर का किया आयोजन

# एक ही परिवार के 13 सदस्यों ने लिया नेत्रदान का संकल्प



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

अपने जीवनकाल में करीब आधा सैकड़ा से अधिक बार रक्तदान कर चुके मेन मार्केट निवासी राजेश सक्सेना उर्फ बब्बल का गत दिवस निधन हुआ था। स्टार मित्र मंडल एवं गायत्री परिवार के संयुक्त तत्वावधान में स्व. बब्बल की स्मृति में रविवार को स्थानीय गायत्री मंदिर परिसर में नेत्र शिविर का आयोजन करवाया गया।

शिविर के दौरान स्व. सक्सेना के ही परिवार के छोटे-बड़े 13 सदस्यों ने नेत्रदान का संकल्प लिया है। श्री सद्गुरू सेवा संस्थान द्वारा आयोजित इस शिविर में करीब 300 से अधिक लोगों का आई चेकअप किया गया जिनमें से 40 लोगों को ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया है। उल्लेखनीय है कि स्टार मित्र मंडल पूर्व से इस तरह नेत्र शिविरों का आयोजन करवाता आ रहा है।

#### इन्होंने लिया नेत्रदान का संकल्प

नेत्रदान का संकल्प लेने वालों में राकेश सक्सेना, अश्विनी सक्सेना, श्रृद्धा सक्सेना, सुषमा सक्सेना, संध्या पारीक, दिनेश पारीक, अमरेश सक्सेना, लक्की सक्सेना, द्विता सक्सेना, तन्मय सक्सेना, पंखुरी सक्सेना, वर्तिका सक्सेना शामिल हैं।